# राजस्थान लोक सेवा आयोग

एफ. 7(1) **R'A'/GWD/Jr. Chemist/RPSC/2024-25/388** दिनांक : **12.06.2025**

<u>प्रेस–नोट</u>

आयोग द्वारा कनिष्ठ रसायनज्ञ (Junior Chemist), भूजल विभाग के पदों की भर्ती 2024 हेतु विज्ञापन सं. 1/Exam/Jr. Chemist(GWD)/RPSC/EP-I/2024–25 दिनांक 14.06.2024 जारी कर दिनांक 24.06.2024 से दिनांक 23.07.2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त पदों हेतु वांछित अनिवार्य योग्यता निम्नानुसार है –

> "M.Sc. In Inorganic Chemistry or Analytical Chemistry from a university or Institution established by law in India. 2 years' experience of water and Silicate analysis.

कतिपय आवेदकों के पास अनिवार्य योग्यता नहीं होने के उपरान्त भी उनके द्वारा आवेदन किया गया है। ऐसे अभ्यर्थी जो उक्त वांछित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव नहीं रखते हैं और उन्होंने उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन कर दिया है उनको अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहारित (Withdraw) करने हेतु दिनांक 05.06.2025 से 09.06.2025 तक Link खोला गया था।

अतः अनिवार्य योग्यता नहीं रखने वाले अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि वे अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 14.06.2025 तक प्रत्याहारित (Withdraw) कर लेवें। अन्यथा उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 217 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। इस हेतु ऑनलाईन Withdraw करने के लिए दिनांक 12.06.2025 से 14.06.2025 तक Link सक्रिय रहेगा।

(भंवर सिंह पंवार)
वरिष्ठ उप सचिव